# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–04 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। साथ ही सरकार सुधार की गति में तेजी लाई है। यह बातें उन्होंने आज सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम–एमएसएमई क्षेत्र पर बजट के बाद एक वेबिनार को संबोधित करते हुए कहीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने पिछले दस वर्षों में सुधार, वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता तथा समेकित विकास के प्रति अपनी सतत वचनबद्धता का प्रदर्शन किया है। अर्थव्यवस्था में एमएसएमई के महत्व को लेकर श्री मोदी ने आज कहा कि एमएसएमई देश के आर्थिक विकास में परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं।

***इस बजट की सबसे खास बात रही अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी। कई सेक्टर ऐसे हैं जहां एक्सपर्ट्स ने भी जितनी अपेक्षाएं की थी, उससे बड़े कदम सरकार ने उठाये और अपने बजट में देखा है। मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट को लेकर भी बजट में महत्वपूर्ण फैसले किए गए हैं। साथियों आज देश एक दशक से भी ज्यादा समय से सरकार की नीतियों में इतनी कंसिस्टेंसी देख रहा है।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि निरंतरता और सुधारों के आश्वासन ने उद्योग में नए विश्वास को जगाया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र के दौरान आज विधानसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के कारण प्रदेश में छियासी हजार करोड़ रुपये का निर्यात बढ़ कर दो लाख करोड़ रुपये का हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में पंद्रह लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने में सफलता मिली है। इसके जरिये साठ लाख से अधिक नौजवानों को प्रदेश के भीतर रोजगार मिल सका है। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन के दौरान विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया।

**********

केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा है कि केंद्रीय बजट में उनके मंत्रालय को एक अच्छी राशि आवंटित की गई है। आज लखनऊ पहुंचे श्री अठावले ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि केंद्रीय बजट से प्राप्त राशि से समाज का उद्धार किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार के बजट और महाकुंभ आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत ही शानदार तरीके से प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया, जिसमें करोड़ो लोगों ने पवित्र संगम में डुबकी लगाई।

**********

भारत सरकार के खादी और ग्रोमोद्योग आयोग ने वाराणसी के गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल में आज करीब आठ सौ से अधिक योजनाओं के टूल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने टूल किट वितरित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खादी अब वैश्विक ब्रांड बन चुकी है। उन्होंने महाकुंभ के दौरान खादी की महत्ता का भी उल्लेख किया।

***महाकुंभ में खादी ग्रामोद्योग आयोग ने माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक नया रेकॉर्ड बनाया। हमने करीब ग्यारह करोड़ रूप्ये से ऊपर की बिक्री उस एग्जिविशन के माध्यम से की है। हमारे करीगरों के हाथ से बने हुए उत्पाद लोगों ने ना सिर्फ खरीदें हैं बल्कि उनको अपनाया है।***

आयोग के अध्यक्ष ने यह भी बताया कि पिछले दस वर्षों में खादी कारीगरों की आय में दो सौ तेरह प्रतिशत की वृद्धि हुई है । इस क्षेत्र में अस्सी फीसदी से अधिक महिलाओं को रोजगार भी मिल रहा है।

**********

कुशीनगर जिले में अगले महीने इक्कीस से पचीस अप्रैल तक अन्तर्राष्ट्रीय युवा नेतृत्व शिविर का आयोजन होगा। राष्ट्रीय युवा योजना के संस्थापक डॉ एसएन सुब्बाराव की याद में यह आयोजन जिले के म्यांमार बुद्ध विहार में होगा। यह जानकारी राष्ट्रीय युवा योजना के ट्रस्टी अजय पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में देश के अतिरिक्त नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका और इंडोनेशिया के करीब तीन सौ प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

**********

महराजगंज जिले के बृजमनगंज थाना क्षेत्र में फरेंदा–धानी मार्ग पर सिकंदराजीतपुर गांव के पास आज सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो कार के पलटने से तीन परीक्षार्थियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गये। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि टायर फट जाने से गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे हाई स्कूल की परीक्षा देने जा रही तीन छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुखद घटना की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने मौके पर पहुंच कर घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था कराई।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश में आज, कल और छह मार्च को बीस से तीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा, हांलाकि आज से चौबीस घंटे बाद अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। इसके बाद अधिकतम तापमान धीरे धीरे दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ेगा। प्रदेश के न्यूनतम तापमान में भी अगले तीन दिनों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी और फिर इसमें दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी भी होगी।

**********